दिन– शुक्रवार दिनांक– 18 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मोतिहारी से सात हजार दो सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।

02. केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बिहार के मखाना किसानों के लिए पांच नई बहुराज्यीय सहकारिता समितियों के गठन की घोषणा की।

03. प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक नवासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये गये। अभियान में सात दिन शेष।

04. और, राज्य के दक्षिणी हिस्सों तथा झारखंड में हुई भारी बारिश के बाद गयाजी, जहानाबाद और नालंदा जिले के कई गांव बाढ़ की चपेट में।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक दिवसीय दौरे पर मोतिहारी आ रहे हैं। श्री मोदी सात हजार दो सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। इनमें रेल, सड़क, मत्स्य, ग्रामीण विकास और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी मोतिहारी में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जिन कार्यक्रम और परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे उनसे बिहार में रेल, सड़क, सामाजिक आर्थिक विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, मछली पालन और विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री पटना के राजेंद्र नगर से नई दिल्ली के बीच हर दिन चलने वाली आधुनिकतम और किफायती अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री अयोध्या सहित के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली दरभंगा गोमती नगर और मालदा टाउन गोमती नगर लखनऊ तथा बापू धाम मोतिहारी और आनंद विहार टर्मिनस के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के भी परिचालन की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री दरभंगा और पटना में नवनिर्मित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का उद्घाटन करेंगे जो सूचना और प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग और आईटी क्षेत्र से संबंधित विभिन्न सेवाओं को बढ़ावा देने में बड़ा योगदान करेगा।

प्रधानमंत्री महिलाओं के नेतृत्व में विकास के संकल्प को मजबूत करते हुए दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय मिशन के तहत इकसठ हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह को चार सौ करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय मदद भी उपलब्ध कराएंगे। श्री मोदी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बारह हजार से अधिक लाभार्थियों को गृह प्रवेश भी करायेंगे और चालीस हजार से अधिक लाभार्थियों के बीच एक सौ साठ करोड़ रुपए की किश्त डीबीटी के माध्यम से जारी करेंगे। पिछले ग्यारह वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री की यह तिरेपनवीं बिहार यात्रा होगी जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, मोतिहारी।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव, जीतनराम मांझी, ललन सिंह, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, रामनाथ ठाकुर, नित्यानंद राय, सतीश चन्द्र दुबे, राजभूषण चौधरी और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहेंगे।

---

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बिहार के मखाना किसानों के लिए पांच नई बहुराज्यीय सहकारिता समितियों के गठन की घोषणा की है। मधुबनी के मिथिला हाट में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री अठावले ने कहा कि इस समिति के बनने से किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने मखाना के साथ–साथ मक्का, बागवानी, ग्रामीण ऊर्जा और पानी से होने वाले लाभ को सहकारिता समिति द्वारा किसानों के बीच पहुंचाने की योजना बनायी है।

---

स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के सौ शहरों को ओडीएफ प्लस सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पटना को वाटर प्लस और गयाजी को ओडीएफ प्लस–प्लस रेटिंग प्राप्त हुई है। वहीं, पटना और गयाजी को कचरामुक्त शहरों की श्रेणी में थ्री स्टार रेटिंग मिली है। दस लाख से ज्यादा आबादी वाले चालीस शहरों में स्वच्छता के मामले में पटना को इक्कीसवां स्थान मिला है। वहीं, गंगा किनारे बसे शहरों में राजधानी पटना अट्ठासी शहरों में से चौथे स्थान पर रही है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक सात करोड़ आठ लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का नवासी दशमलव सात प्रतिशत है। पुनरीक्षण अभियान के केवल सात दिन बचे हैं। राज्य में मतदाता–सूची का प्रारूप एक अगस्त को प्रकाशित किया जाना है। आयोग ने कहा है कि जो लोग अस्थाई रूप से राज्य से बाहर चले गए हैं, वे भी आयोग की वेबसाईट या ईसीआईनेट ऐप पर अपना फॉर्म जमा करा सकते हैं। मतदाता आयोग की वेबसाईट या ईसीआईनेट ऐप पर अपने आवेदन–फॉर्म की स्थिति की जानकारी ले सकते हैं।

---

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका पर आज सुनवाई होने की सम्भावना है।

---

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कुख्यात अपराधियों, भू–माफिया और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। श्री मीणा ने सीमावर्ती जिलों– सुपौल, कटिहार, पूर्णियां, मधेपुरा, सहरसा, अररिया और किशनगंज के जिलाधिकारी और

पुलिस अधीक्षकों के साथ विधि–व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री मीणा ने कुख्यात अपराधियों की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस अधीक्षक के स्तर पर स्पेशल सेल गठित करने और फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने आर्म्स एक्ट के आरोपियों पर एक महीने के अन्दर नोटिस जारी कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि पटना के एक निजी अस्पताल में घुसकर हत्या को अंजाम दिया जाना गम्भीर चिंता का विषय है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मामले की गहन जांच करायी जायेगी। श्री कुमार ने कहा कि पुलिस मुख्यालय जल्द ही सभी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा–निर्देश जारी करेगा।

---

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों और झारखंड में हुई भारी बारिश के बाद गयाजी, जहानाबाद और नालंदा जिले में फल्गु, जिराईन और पंचाने समेत कई नदियां उफान पर हैं। नालंदा के बिंद, एकगंरसराय और बिहारशरीफ में कई जगह पर तटबंधों के क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। जिले के बिंद में बेनार–सकसोहरा पथ पर मोहद्दीपुर के पास पानी का तेज बहाव हो रहा है। वहीं, एकगंरसराय में मीनाबाजार से मंडाछ जाने वाली मुख्य मार्ग लालाबिगहा पुल के पास लगभग पचास फीट में क्षतिग्रस्त हो गयी है। इसके चलते शिवशंकरपुर, गिरैयापर, फरकुसराय, गोनाईबिगहा और पुलपर समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। बिहारशरीफ के भी कुछ हिस्सों में बाढ़ का पानी फैल गया है। इधर, जहानाबाद के घोसी में फल्गु नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त होने से आस–पास के इलाकों में पानी फैल गया है। दरधा नदी का पानी जहानाबाद शहर के निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है। अरवल के कलेर में सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से तटीय इलाकों में बाढ़ की आशंका बढ़ गयी है।

इधर, गयाजी में फल्गु नदी में उफान से बाराचट्टी, ईमामगंज, बांके बाजार, शेरघाटी, बोधगया और आमस सबसे अधिक प्रभावित हैं। सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल बर्बाद हो गयी है। वहीं, पटना में महात्माइन, भूतही, कररूआ और धोवा नदी में उफान से दनियावां, फतुहा और धनरूआ में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इधर, केन्द्रीय जल आयोग की बुलेटिन में कहा गया है कि पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। तीनों ही जगह नदी चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी के

जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। यहां नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग एक मीटर नीचे दर्ज किया गया। आयोग के अनुसार सोन नदी रोहतास जिले के बंजारी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, पुनपुन नदी अरवल जिले के किंजर में लाल निशान से आठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में लाल निशान से मात्र सैंतीस सेंटीमीटर नीचे है। हालांकि जलस्तर में स्थिरता देखी जा रही है। बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में और कोसी नदी सुपौल के बसुआ तथा खगड़िया के बलतारा में उफान पर है।

---

प्रदेश में वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में कल चौदह लोगों की मौत हो गयी जबकि पन्द्रह अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। सबसे अधिक चार लोगों की मौत शेखपुरा जिले में हुई है। वहीं, भागलपुर और वैशाली में दो—दो जबकि नालंदा, आरा, जमुई, बांका और गयाजी में वज्रपात की चपेट में आने से एक—एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम प्रायः शुष्क बना रहेगा।

---

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और सेवानिवृत कर्मियों के वेतन, पेंशन और सेवांत लाभ के भुगतान के लिए तीन हजार छब्बीस करोड़ रूपये जारी किये हैं। सबसे अधिक चार सौ चौवालीस करोड़ रूपये मगध विश्वविद्यालय के लिए जारी किये गये हैं।

---

राज्य सरकार ने बिहार शिक्षा परियोजना परिषद में सृजित पदों के विरुद्ध काम कर रहे कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने का फैसला किया है। परिषद के निदेशक मयंक वरवड़े की ओर से इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे कर्मियों को इस वर्ष अगस्त महीने से वित्तीय लाभ मिलने लगेगा। इन कर्मियों को भविष्य में भी अधिसूचित किए जाने वाले वेतनमान और अन्य देय सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

---

बिहार पुलिस में सिपाही चालक के चार हजार तीन सौ इकसठ पदों पर नियुक्ति होगी। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया इक्कीस जुलाई से शुरू हो

रही है। आवेदन की अंतिम तिथि बीस अगस्त तक निर्धारित है। विस्तृत जानकारी केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---

अररिया जिले की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के दोषी नदीम को बीस साल कारावास की सजा सुनायी है।

---

पटना की एनडीपीएस अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में तीन दोषियों को बारह–बारह वर्ष कारावास और एक–एक लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वहीं, पटना की विशेष निगरानी अदालत ने जल संसाधन विभाग के पूर्व कार्यपालक अभियंता कामेश्वरनाथ सिंह को आय से अधिक सम्पति मामले में एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

---

रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के चितबीसाब गांव में आहर मे डूबने से दो सगे भाई समेत तीन बच्चों की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में इसी महीने से एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– पेरौल पर आये अपराधी की अस्पताल में हत्या। प्रभात खबर लिखता है– आज मोतिहारी आयेंगे पीएम मोदी, प्रदेश को बहत्तर सौ करोड़ की योजनाओं की देंगे सौगात। दैनिक जागरण ने लिखा है– डिजाईनर बेबी की दिशा में आगे बढ़ा मेडिकल जगत। ब्रिटेन में तीन लोगों के डीएनए से पैदा हुये आठ बच्चे, वंशागत बीमारियों से रहेंगे मुक्त। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– मॉनसून सत्र को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक कल। आज अखबार की प्रमुख खबर है– ग्राम पंचायतों में आठ हजार दो सौ अंठानवे निम्नवर्गीय लिपिकों की होगी नियुक्ति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मोतिहारी से सात हजार दो सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।

02. केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बिहार के मखाना किसानों के लिए पांच नई बहुराज्यीय सहकारिता समितियों के गठन की घोषणा की।

03. प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक नवासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये गये। अभियान में सात दिन शेष।

04. और, राज्य के दक्षिणी हिस्सों तथा झारखंड में हुई भारी बारिश के बाद गयाजी, जहानाबाद और नालंदा जिले के कई गांव बाढ़ की चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।